CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 199 ▫ रायपुर, मंगलवार 11 अगस्त 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## स्कूल भवन की मांग को लेकर ग्रामीणों ने स्कूल में जड़ा ताला

### सुबह 7 बजे से प्रदर्शन जारी | बीईओ और तहसीलदार मौके पर पहुंचे





**गरियाबंद, 11 अगस्त (हाईवे चैनल)।** जिले के छुरा ब्लॉक के हाई स्कूल रूवाड़ में भवन की कमी से नाराज ग्रामीणों और पालकों ने मंगलवार सुबह स्कूल के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। सुबह करीब 7 बजे बड़ी संख्या में ग्रामीण और अभिभावक स्कूल पहुंचे और गेट पर ताला लगाकर परिसर के बाहर बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल के लिए लंबे समय से नए भवन की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस पहल नहीं हो सकी है। स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में पर्याप्त कमरे नहीं हैं। ऐसे में एक ही कमरे में एक से अधिक कक्षाएं संचालित करनी पड़ रही हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ शिक्षकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भवन की समस्या को लेकर ग्रामीण और पालक काफी समय से अपनी मांग उठा रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर मंगलवार सुबह वे बड़ी संख्या में स्कूल पहुंचे और मुख्य गेट पर ताला लगाकर विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने स्कूल में पर्याप्त कमरों और नए भवन की व्यवस्था जल्द कराने की मांग की।

मामले की जानकारी मिलने के बाद छुरा के बीईओ और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों और अभिभावकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और स्कूल की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों की ओर से ग्रामीणों को समस्या के समाधान का भरोसा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि भवन की कमी का सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। उनकी मांग है कि स्कूल के लिए जल्द से जल्द पर्याप्त भवन और कक्षों की व्यवस्था की जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई सुचारु रूप से हो सके।

## झीरम घाटी नक्सली हमला आज बचाव पक्ष रखेगा अपनी दलील

**जगदलपुर, 11 अगस्त (हाईवे चैनल)।** झीरम घाटी नक्सली हमले से जुड़े मामले की सुनवाई अब अंतिम दौर में पहुंच गई है। जगदलपुर जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर स्थित एनआईए की विशेष अदालत में सोमवार को मामले की अंतिम बहस शुरू हुई। अदालत ने पूरे दिन अभियोजन पक्ष की अंतिम दलीलें सुनीं, लेकिन न्यायालयीन समय समाप्त होने के कारण बहस पूरी नहीं हो सकी।

अब आज मामले की सुनवाई दोबारा होगी, जिसमें बचाव पक्ष को अपनी अंतिम दलीलें रखने का अवसर मिलेगा। सोमवार को अंतिम बहस शुरू होने के साथ ही जगदलपुर जिला न्यायालय परिसर में दिनभर गहमागहमी का माहौल रहा। एनआईए की विशेष अदालत में शासन की ओर से अभियोजन पक्ष ने मामले से जुड़े साक्ष्यों और तर्कों के आधार पर अपनी अंतिम दलीलें पेश कीं। पूरे दिन अभियोजन पक्ष की ही दलीलें सुनी गईं। समय समाप्त होने के कारण सुनवाई को आगे के लिए टालना पड़ा। अब आज बचाव पक्ष अपनी अंतिम दलीलें अदालत के सामने रखेगा। दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद अदालत आगे की न्यायिक प्रक्रिया तय करेगी। इसके बाद अदालत फैसला सुरक्षित रख सकती है या निर्णय सुनाने के लिए अगली तारीख निर्धारित की जा सकती है।

### बच्चों की चीख सुनकर मकान मालिक ने खोला दरवाजा

## फांसी के फंदे पर झूल रहे थे पति-पत्नी

**बिलासपुर, 11 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर से पति-पत्नी की हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है. सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के नयापारा वार्ड नंबर 12 स्थित किराए के मकान में मंगलवार को दोनों की लाश फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली. इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान रमेश सिंह बंजारा और माया बंजारा के रूप में हुई है. वह मूल रूप से मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के जामकछार के रहने वाले थे. वह दो बच्चों के साथ बिलासपुर में किराए के मकान में रहते थे. पति रमेश इंडस्ट्रियल इलाके के एक कंपनी में काम करता था।



घटना की सूचना के बाद पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गई है. दोनों के शव को फांसी के फंदे से उतारकर पंचानाम किया गया. पोस्टमार्टम के लिए शवों को भेज दिया गया है. प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मंगलवार सुबह तकरीबन 5 बजे दोनों बच्चों के जोर-जोर से रोने की आवाज आई, जिसे सुनकर मकान मालिक रमेश कुमार साहू वहां पहुंचे. कमरे के अंदर का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए. पति-पत्नी फांसी के फंदे पर लटके हुए थे. इसके बाद मकान मालिक ने तत्काल परिजनों और पुलिस को घटना की सूचना दी। फिलहाल पति-पत्नी द्वारा इस तरह की कदम उठाने के पीछे क्या कारण था, इसका खुलासा नहीं हो सका है. घटना के बाद दोनों मासूम बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है.फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा जांच के बाद ही मौत की वास्तविक वजह सामने आ पायेगी।

## ब्रेकिंग न्यूज

### कोयला आवंटन मामले में मनमोहन सिंह बेदाग: सोनिया बोलीं- सबसे प्रभावशाली पीएम के तौर पर याद रखेगा इतिहास

**नई दिल्ली, 11 अगस्त (न्यूज चैनल)।** सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को कोयला ब्लॉक आवंटन



मामले में क्लीन चिट दी। इस पर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने मंगलवार को प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह की ईमानदारी और जवाबदेही का रिकॉर्ड नरेंद्र मोदी सरकार के काम करने के तरीके से बिल्कुल अलग रहा है। सोनिया गांधी ने कहा कि इतिहास मनमोहन सिंह को एक शांत, सरल और बेहद प्रभावशाली प्रधानमंत्री के रूप में याद रखेगा। सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इन दिनों मोदी भारत के उन छात्रों को माफ कर रहे हैं, जिन्होंने उनके खिलाफ प्रदर्शन किया है। ऐसे में शायद मोदी इस मौके का इस्तेमाल मनमोहन सिंह के खिलाफ की गई अपमानजनक बदनामी के लिए खुद को माफ करने में कर सकते हैं।

### नकाबपोशों ने दुकान में शटर तोड़कर की चोरी, कैश लेकर हुए फरार

**बलौदाबाजार, 11 अगस्त (हाईवे चैनल)।** शहर के दशहरा मैदान में रोड स्थित एवन डेली निड्स में सोमवार रात दो अज्ञात नकाबपोशों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया. शटर तोड़कर दुकान के गल्ले में रखे पैसे लेकर चोर फरार हो गए हैं. घटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। वारदात से पहले चोरों ने दुकान के आसपास मुआयना किया फिर अंधेरे का फायदा उठाकर धावा बोला. इस दौरान एक आरोपी बाहर नजर बनाए हुए था, वहीं दूसरा अंदर घुस गया. उसने सबसे पहले सीसीटीवी कैमरे का तार काटा और दूसरे कैमरे को घुमाकर दूसरी तरफ कर दिया. हालांकि दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हो गई। घटना की जानकारी दुकानदार अभिषेक केसरवानी जब आज सुबह दुकान खोलने आया तो शटर खुला हुआ मिला, उसे चोरी का शक हुआ. दुकानदार ने कोतवाली थाना पहुंचकर घटना की सूचना दी. पुलिस टीम घटनास्थल पहुंचकर जांच में शुरू की।




चूहा- सुनती हो, राज्य सरकार ने फरमान जारी किया है कि अब निकायों में महिला जनप्रतिनिधि के परिवार का हस्तक्षेप नहीं रहेगा।

चुहिया- हां जी, लेकिन ये आदेश केवल कागजों में ही रहेंगे..!

### नगरीय निकायों में भी छत्तीसगढ़ सरकार ने जारी की अधिसूचना

## महिला पार्षद-अध्यक्ष अपने परिजनों को नहीं बना सकेंगी प्रतिनिधि



**रायपुर, 11 अगस्त (हाईवे चैनल)।** राज्य सरकार ने 6 अगस्त 2026 को जारी अधिसूचना में छत्तीसगढ़ नगरपालिक नियम 2022 में संशोधन किया है। नए नियम के अनुसार अब किसी भी नगरीय निकाय में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि अपने पति, पुत्र, पुत्री, भाई, बहन या किसी अन्य निकट रिश्तेदार को अपना परोक्ष प्रतिनिधि या समन्वयक नियुक्त नहीं कर सकेगी। दरअसल अब तक देखने को मिलता था कि महिला जनप्रतिनिधि के नाम पर उनके परिजन ही सारे काम देखते थे। नए नियम से अब महिला प्रतिनिधियों को ही सीधे बैठक, हस्ताक्षर और अन्य सरकारी काम करने होंगे। यह आदेश छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 और छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम 1961 के तहत जारी किया गया है। बता दें कि लगभग साल भर पूर्व ही पंचायती राज व्यवस्था में निर्वाचित महिला जन प्रतिनिधियों को लेकर नए नियम जारी कर दिए गए थे। इसके तहत पंच-सरपंच तथा अन्य पदों पर निर्वाचित महिला जन प्रतिनिधियों के पति अथवा रिश्तेदार उनके प्रतिनिधि के तौर पर काम नहीं कर सकेंगे। दरअसल निर्वाचित अधिकांश महिलाओं का समय चूल्हा-चौका में बीतता है और अमूमन उनके पति सारे काम-काज निपटाते हैं। इस प्रचलन को खत्म करने के लिए सरकार ने पहले पंचायतों और अब नगरीय निकायों में नया नियम लागू किया है।

## डोडा के भद्रवाह में कैमरे में कैद हुए चार आतंकवादी, सुरक्षाबलों ने चलाया तलाशी अभियान

**नई दिल्ली, 11 अगस्त (न्यूज चैनल)।** जम्मू और कश्मीर के डोडा जिले के भद्रवाह इलाके के रामतुंड में चार संदिग्ध आतंकवादी देखे गए हैं। स्थानीय लोगों ने 10 अगस्त सोमवार दोपहर इस समूह को कैमरे में कैद किया। इसके बाद तुरंत सुरक्षा बलों को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने मिलकर एक बड़ा आतंकवाद-विरोधी अभियान शुरू कर दिया है। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की



घेराबंदी कर दी है। संदिग्धों की तलाश में गहन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। एजेंसियों को आशंका है कि इस समूह में तीन पाकिस्तानी आतंकवादी शामिल हैं। उनके साथ एक स्थानीय आतंकवादी भी हो सकता है। यह समूह किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हो सकता है। सुरक्षा एजेंसियां इस मामले को गंभीरता से ले रही हैं।

सुरक्षा बलों की कई टीमें रामतुंड और आसपास के जंगली इलाकों में तलाशी कर रही हैं। ड्रोन और स्निफर डॉग्स की मदद भी ली जा रही है। स्थानीय पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने की अपील की है। इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक संदिग्धों का पता नहीं चल जाता।

### संसद में सियासी घमासान: 'राहुल अपना रहे दोहरा रवैया'

## अनुराग ठाकुर ने कसा तंज तो प्रियंका ने संभाला मोर्चा

**नई दिल्ली, 11 अगस्त (न्यूज चैनल)।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सांसदों ने मंगलवार को विपक्ष के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इसके साथ ही उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वे संसद में चर्चा से भाग रहे हैं। वहीं, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने एनडीए के प्रदर्शन पर तंज कसा।

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा, झारखंड के युवाओं को न्याय मिलना चाहिए। उन पर जिस तरह से लाठीचार्ज किया गया और ज्यादतियां हुईं, उससे राहुल गांधी की सोच का पता चलता है। इससे साफ होता है कि उनके समर्थकों की सरकार वाले राज्य में युवाओं के साथ कैसा बुरा बर्ताव हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें न्याय से कैसे वंचित रखा जा रहा है। फिर भी, दूसरी तरफ, वे खुद तो सदन में आते नहीं, लेकिन गृह मंत्री से जवाब मांगते हैं। गृह मंत्री जवाब देने के लिए तैयार हैं, लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी सिर्फ सुर्खियों में बने रहने के लिए झूठ फैला रहे हैं और गैर-जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं। वहीं, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने एनडीए के सांसदों पर तंज कसा। उन्होंने कहा,' मैंने पहली बार सत्ताधारी पार्टी के सांसदों को विरोध करते देखा है। हमने उन्हें ऐसा करने पर मजबूर किया है। अब उन्हें आगे आकर बयान देना चाहिए।'

## सीएम शुभेंदु अधिकारी के हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग, कोलाघाट में उतारा गया

**नई दिल्ली, 11 अगस्त (न्यूज चैनल)।** खराब मौसम के कारण पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के हेलिकॉप्टर की पूर्वी मेदिनीपुर ज़िले के कोलाघाट में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। अधिकारी दमदम से हेलिकॉप्टर के ज़रिए पश्चिम मेदिनीपुर ज़िले के केशपुर जा रहे थे, जहां उन्हें स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस को श्रद्धांजलि देने के कार्यक्रम में शामिल होना था।



अधिकारियों के मुताबिक, हेलिकॉप्टर केशपुर की ओर जा रहा था, तभी खराब मौसम को देखते हुए पायलट ने सावधानी के तौर पर कोलाघाट के एक खुले मैदान में लैंडिंग करने का फैसला किया। यह फ़ैसला तब लिया गया जब हेलिकॉप्टर अपनी तय मंज़िल की ओर जा रहा था। इसके बाद हेलिकॉप्टर पूर्वी मेदिनीपुर ज़िले के कोलाघाट में सुरक्षित उतर गया। नेता स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस की याद में आयोजित कार्यक्रम के लिए केशपुर जा रहे थे। इमरजेंसी लैंडिंग के बाद, अधिकारी ने सड़क मार्ग से कार्यक्रम स्थल की ओर अपनी यात्रा जारी रखी। कोलाघाट में हेलिकॉप्टर की एहतियाती लैंडिंग इसलिए हुई क्योंकि खराब मौसम ने उड़ान को प्रभावित किया, जिससे पायलट को केशपुर की ओर आगे बढ़ने के बजाय खुले मैदान में लैंडिंग करने का विकल्प चुनना पड़ा। अधिकारियों के हवाले से बताया कि इसके बाद अधिकारी सड़क मार्ग से पश्चिम मेदिनीपुर ज़िले में कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए।

### धान खरीदी में 1.31 करोड़ रुपए का घोटाला

## समिति प्रबंधक दो महीने बाद गिरफ्तार, डीएम पर लगाए गंभीर आरोप, कलेक्टर ने कहा- एक तो चोरी, ऊपर से सीना जोरी

**सक्ती, 11 अगस्त (हाईवे चैनल)।** डभरा ब्लॉक के धान खरीदी केंद्र पुटीडीह में धान की बोरियों में मिट्टी मिलाकर शासन को 1.31 करोड़ रुपये का चूना लगाने के मामले में मास्टरमाइंड संस्था प्रबंधक शशिकांत महंत और प्राधिकृत अधिकारी श्यामा बाई को आखिरकार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

यह पूरा मामला 24 नवंबर 2025 का है। जब धान खरीदी चल रही थी, इसी दौरान अधिकारियों को जानकारी मिली कि डभरा ब्लॉक के धान खरीदी केंद्र पुटीडीह में रात के समय धान की बोरियों में मिट्टी मिलाई जा रही है। देर रात जिला पंचायत सीईओ टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो शिकायत सही मिली। जांच में पता चला कि खरीदी केंद्र से 4200 क्विंटल धान गायब है, जिसकी पूर्ति करने के लिए धान की बोरियों में मिट्टी मिलाकर भेजी जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने एफआईआर कराने के निर्देश दिए और जिस पर खरीदी केंद्र प्रभारी प्रकाश महंत के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, मगर मामले में शामिल संस्था प्रबंधक शशिकांत महंत, कंप्यूटर



ऑपरेटर द्रोण प्रताप शांडिल्य और प्राधिकृत अधिकारी श्याम बाई का नाम शामिल नहीं था। जांच में ये सभी भी जिम्मेदार थे और इन्हीं की देखरेख में खरीदी का कार्य हो रहा था। जिसके बाद 29/5/26 को कार्यालय सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला सक्ती से एक और पत्र जारी हुआ, जिसमें अन्य दोषी संस्था प्रबंधक शशिकांत महंत, कंप्यूटर ऑपरेटर द्रोण प्रताप शांडिल्य और प्राधिकृत अधिकारी श्याम बाई के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। मगर दो महीने तक डभरा थाना प्रभारी राजेश पटेल टालमटोल करता रहा और आज जिला प्रशासन के दबाव में आखिरकार मामले में शामिल 2 अन्य आरोपी शशिकांत महंत और श्यामा बाई के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

आरोपी संस्था प्रबंधक शशिकांत महंत ने 6 अगस्त 2026 को मानवाधिकार आयोग को एक शिकायत की है, जिसमें उसने सक्ती कलेक्टर पर टॉयलेट साफ कराने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। वहीं, शिकायत के साथ एक वीडियो भी दिया है, जिसमें शशिकांत टॉयलेट साफ करता दिख रहा है और कोई उसका वीडियो बना रहा है। प्रथम वीडियो को लेकर सक्ती कलेक्टर से हमने बात की तो उन्होंने बताया कि यह बिल्कुल झूठा आरोप है। शशिकांत महंत पिछले दो महीनों से अपने किए गए भ्रष्टाचार से बचने के लिए तरह-तरह के प्रयास कर रहा था, मगर मैंने साफ कह दिया था कि कार्रवाई होकर रहेगी। उसने जो वीडियो बनाया है, वो उसका षड्यंत्र है। वो कहीं भी जाकर टॉयलेट साफ करके वीडियो बना सकता है, उसकी हम निगरानी कैसे करेंगे? कलेक्टर ने कहा कि हमने कराया होता तो उसको वीडियो कैसे मिलता।

### बिलासपुर में दिनदहाड़े हत्या से सनसनी

## शराब दुकान के सामने पूर्व जनपद सदस्य के पति की गला रेतकर हत्या, एक अन्य बुजुर्ग घायल

**बिलासपुर, 11 अगस्त (हाईवे चैनल)।** बिलासपुर में दिनदहाड़े हुई हत्या की वारदात ने एक बार फिर शहर की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। तोरवा थाना क्षेत्र में सोमवार को शराब दुकान के सामने विवाद के बाद दो युवकों ने भाजपा समर्थित पूर्व जनपद सदस्य के पति की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपियों ने शराब दुकान में तोड़फोड़ की और सीसीटीवी कैमरों को भी नुकसान पहुंचाया। इसके बाद दोनों मौके से फरार हो गए। वहीं हत्या की इस वारदात के बाद बाइक सवार युवकों ने रेलवे के एक रिटायर्ड कर्मचारी पर भी चाकू से हमला कर घायल कर दिया, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक हत्या की ये वारदात तोरवा थाना क्षेत्र का है। मृतक की पहचान देवरी खुर्द निवासी बबला साहू उर्फ शिवनंदन साहू के रूप में हुई है। वह ऑटो चलाकर परिवार का भरण.पोषण करता था।। उसकी पत्नी गीता साहू पूर्व जनपद सदस्य रह चुकी हैं और भाजपा समर्थित बताई जा रही हैं। बताया जा रहा है कि बबला साहू का तोरवा स्थित शराब दुकान के सामने दो युवकों से विवाद हुआ था। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों युवकों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपियों ने बबला साहू के गले पर वार किया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। हत्या के बाद आरोपी कुछ देर तक मौके पर हंगामा करते रहे। इसके बाद उन्होंने शराब दुकान में तोड़फोड़ की और वहां लगे सीसीटीवी कैमरों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद शराब दुकान को कुछ समय के लिए बंद करना पड़ा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ शुरू की है। वारदात से पहले और बाद की सीसीटीवी फुटेज भी खंगाली जा रही है। हत्या के बाद पुलिस आरोपी युवकों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान तोरवा क्षेत्र के बूटापारा निवासी रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी कन्हैया लाल (65) पर देवरीखुर्द के एनीकट के पास बाइक सवार युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। कन्हैया लाल के गले पर चाकू से वार किया गया। गंभीर हालत में उन्हें सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को आशंका है कि बुजुर्ग पर हमला करने वाले युवक वही हो सकते हैं, जिन्होंने बबला साहू की हत्या की है। हालांकि, पुलिस ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। एक बच्चे पर भी चाकू से हमले की जानकारी सामने आई है, लेकिन इसकी भी पुलिस स्तर पर पुष्टि होना बाकी है.फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही हत्या की वजह और लगातार सामने आ रही वारदातों के बीच किसी संभावित कनेक्शन की तस्वीर साफ हो सकेगी।

CMYK